“Road safety Awareness Rally”

23rd Feb/2024

सड़क हादसों से बचाव को किए जागरूक

स्टाफ रिपोर्टर - रामपुर बुशहर

राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशहर के सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा व यातायात संबंधित बढ़ती दुर्घटनाओं से बचने के संदर्भ में जागरूकता रैली का आयोजन महाविद्यालय परिसर से न्यू बस अड्डा रामपुर तक किया गया। इस रैली को महाविद्यालय के प्रांगण से प्राचार्य डॉ. पंकज बसोटिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस जागरूकता रैली में महाविद्यालय के 'रोड सेफ्टी क्लब' के सदस्य सहित राष्ट्रीय सेवा योजना, रेंजर एवं रोवर्स एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के सदस्यों ने भाग लिया। न्यू बस अड्डा में आरटीओ नरेश शर्मा ने रैली में भाग लिया व भाग लेने वाले विद्यार्थियों को संबोधित कर रोड सेफ्टी क्लब की इस बेहतरीन कार्य के लिए सराहना की व सड़क सुरक्षा से संबंधित पुस्तकों का वितरण किया गया। इस रैली का समापन महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा से संबंधित नारे लगाकर किया गया। रैली में उप प्राचार्य डॉ. विद्या बंधु नेगी, रोड सेफ्टी क्लब की समन्वयक डॉ. शिवाली ठाकुर, प्रो. कपूर चंद, प्रो. ईश्वर नेगी, डॉ. अजिंदर नेगी, डॉ. कृष्ण कुमार नेगी, राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रमुख डॉ. विपन शर्मा व रन्जू बाला व रेंजर रोवर्स के लीडर डॉ. सतपाल खुंद व डॉ. हीरा भगती सहित अन्य प्राध्यापक मौजूद रहे।

सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा व यातायात संबंधित बड़ती दुर्घटना से बचने के संदर्भ में जागरूकता रैली

यशवंत पटेल

लोकल न्यूज़ ऑफ़ इंडिया। राजकीय महाविद्यालय रामपुर में सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा व यातायात संबंधित बड़ती दुर्घटना से बचने के संदर्भ में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस जागरूकता रैली में महाविद्यालय के ्रोड सेफ्टी क्लबर के सदस्य सहित राष्ट्रीय सेवा योजना, रेंजर एवं रोवर्स एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के सदस्यों ने भाग लिया। जागरूकता रैली का आयोजन महाविद्यालय के प्रांगण से होकर न्यू बस अड्डा तक किया गया। न्यू बस अड्डा में आर. टी. ओ. श्री नरेश शर्मा जी ने रैली में भाग लिया व भाग लेने वाले विद्यार्थियों को संबोधित कर रोड सेफ्टी क्लब की इस बेहतरीन कार्य के लिए सराहना की व सड़क सुरक्षा से संबंधित पुस्तकों का वितरण किया गया। इस रैली को महाविद्यालय के प्रांगण से प्राचार्य डॉ. पंकज बसोटिया ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, और समापन पुनः महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा से संबंधित नारे लगाकर किया गया। रैली में उप प्राचार्य डॉ. विद्या बन्धु नेगी, रोड सेफ्टी क्लब की समन्वयक डॉ. शिवाली ठाकुर, प्रो. कपूर चन्द, प्रो० ईश्वर नेगी, डॉ अजिन्दर नेगी, डॉ कृष्ण कुमार नेगी, राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रमुख डॉ. विपन शर्मा व रन्जू बाला व रेंजर रोवर्स के लीडर डॉ. सतपाल खून्द व डॉ. हीरा भगती सहित अन्य प्राध्यापक मौजूद रहे, वहीं महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के लगभग 250 विद्यार्थियो ने अपनी भागीदारी सुनिशिचत की।

Himachal Dastak 24 Feb/2024

रामपुर कॉलेज के छात्रों ने निकाली सड़क सुरक्षा पर जागरूकता रैली

रामपुर बुशहर। गोविंद बल्लभंत महाविद्यालय रामपुर में सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा व यातायात संबधित बढ़ती दुर्घटना से बचने को लेकर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस जागरूकता रैली में महाविद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब के सदस्य सहित राष्ट्रीय सेवा योजना, रेंजर एवं रोवर्स एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के सदस्यों ने हिस्सा लिया। जागरूकता रैली को कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पकंज बसोटिया ने हरी झंडी देकर रवाना किया। जागरूकता रैली का आयोजन महाविद्यालय के प्रांगण से होकर न्यू बस अड्डा तक किया गया। न्यू बस अड्डा में आरटीओ नरेश शर्मा ने रैली में भाग लिया व भाग लेने वाले विद्यार्थियों को संबोधित कर रोड सेफ्टी क्लब की इस बेहतरीन कार्य के लिए सराहना की व सड़क सुरक्षा से संबंधित पुस्तकों का वितरण भी किया गया। ये रैली पुनः महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा से संबंधित नारे लगाकर समाप्त की गई। रोड सेफ्टी क्लब की समन्वयक डॉ. शिवाली ठाकुर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में सड़क दुर्घटनाओं में खासा इजाफा हुआ है, जिसका मुख्य कारण ओवर स्पीड और लापरवाही से वाहनों को चलाना है। ठाकुर ने कहा कि भले ही नियम बने है लेकिन कई चालक उन नियमों की अवहेलना करते है। ऐसे में हर व्यक्ति का ये दायित्व है कि वे जिस भी वाहन में सफर करें तो उस वाहन को चला रहे चालक को लापरवाही बरतने पर उसे रोके। वही महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के लगभग 250 विद्यार्थियों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।

"Road safety Awareness Rally"
23rd Feb/2024





"Road safety Awareness Rally" **23rd Feb/2024**



ROAD SAFETY CLUB
G.B.P.M. GOVT. COLLEGE
RAMPUR BUSHAHR
Road Safety is Life Safe
RAMPUR BUSHAHR


ROAD SAFETY CLUB
G.B.P.M. GOVT. COLLEGE
RAMPUR BUSHAHR
Road Safety is Life Safety
GOOD SAMARITAN
GPS Map Camera
Shimla,HP,India
Ambala Kalka Shimla Wangtoo Kaurik Bhaira Chaura Road, Rampur, Shimla, 172001, HP, India
Lat 31.455086, Long 77.641780
02/23/2024 10:41 AM GMT+05:30
Note : Captured by GPS Map Camera